फिल्म 'जटाधारा' का गीत 'शिव स्तोत्रम्' रिलीज़

फिल्म 'जटाधारा' का गीत 'शिव स्तोत्रम्' रिलीज़ हो गया है. ज़ी स्टूडियो और प्रेरणा अरोड़ा की फिल्म 'जटाधारा' का गीत 'शिव स्तोत्रम्' रिलीज़ हो गया है.

फिल्म के मुख्य अभिनेता सुधीर बाबू अपने सशक्त अभिनय से गीत के दृश्यों में ऐसी प्राण-शक्ति भरते हैं कि हर क्षण श्रद्धा और जोश से सराबोर हो उठता है.

सुधीर बाबू ने कहा, 'शिव स्तोत्रम्' की शूटिंग मेरे लिए वास्तव में एक दिव्य अनुभव था. विशेष रूप से सेट पर बिताया गया हर पल ऐसा था, जैसे मैं स्वयं भगवान शिव की उपस्थिति में खड़ा हूं. जब मैंने पहली बार इस ट्रैक को सुना, तो उसकी ऊर्जा और आभा सिर्फ एक गीत तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह एक आध्यात्मिक जागरण जैसा था. सच कहूं तो एक अभिनेता के रूप में, ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है, जो आत्मा को श्रद्धा के साथ गहराई से जोड़ दे. मुझे गर्व है कि 'जटाधारा' में भक्ति की वही भावना और भगवान शिव की शक्ति का सार विद्यमान है.

निर्माता प्रेरणा अरोड़ा ने कहा, 'शिव स्तोत्रम्' जटाधारा की आत्मा है. शुरुआत से ही मेरा उद्देश्य एक ऐसा गीत रचना था, जो पारंपरिक सीमाओं से परे जाकर सच्ची भावना, श्रद्धा और विस्मय को जगाए. मैंने अपनी आस्था से जुड़कर संगीत टीम के साथ मिलकर इसे साकार किया है. हमने इसमें अपना पूरा दिल लगाया है और मुझे विश्वास है कि दर्शक उस पवित्र स्पंदन को बड़े पर्दे पर महसूस करेंगे. विश्वास और एकता की शक्ति को समर्पित, यह भगवान शिव को हमारी विनम्र भेंट है.

इसमें दो राय नहीं है कि गूंजते मंत्रों और प्रतीकात्मक दृश्यों से सजा 'शिव स्तोत्रम्' इस वर्ष का सबसे प्रभावशाली भक्ति गीत बनकर उभरेगा, क्योंकि यह एक ऐसा गीत है, जो शाश्वत और नवीन होने के साथ अध्यात्म और सिनेमा को भी जोड़ता है, वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल द्वारा निर्देशित 'जटाधारा' एक द्विभाषी सुपरनैचुरल फैंटेसी थ्रिलर है. इसका निर्माण उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा ने किया है. सह-निर्माताओं में अक्षय केजरीवाल और कुसुम अरोड़ा, क्रिएटिव प्रोड्यूसर दिव्या विजय, और सुपरवाइजिंग प्रोड्यूसर भाविनी गोस्वामी शामिल हैं.

फिल्म 'हक़' से वर्तिका सिंह का पोस्टर रिलीज

पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया और सुपरमॉडल वर्तिका सिंह की आने वाली फिल्म हक से उनका पहला पोस्टर रिलीज हो गया है.

वर्तिका सिंह फिल्म हक से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं.जारी किए गए पोस्टर में वर्तिका एक शांत लेकिन गहराई से प्रभावशाली पल में नजर आती हैं मिट्टी के रंगों में लिपटी, उनका चेहरा स्थिर है, पर उनकी आंखों में एक कोमलता और आग दोनों झलकती हैं. यह झलक उनके किरदार की नाजुकता और ताकत दोनों को बयां करती है.

अपनी भूमिका के लिए वर्तिका ने कई हफ्तों तक वर्कशॉप्स में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने इमोशनल मेमोरी तकनीकों के ज़रिए किरदार को भीतर से गढ़ा.

लखनऊ से ताल्लुक रखने वाली वर्तिका ने फिल्म के कई अहम दृश्य अपने ही शहर में शूट किए. वर्तिका सिंह ने कहा, हक़ एक ऐसी कहानी है जिसने मेरे भीतर कुछ गहराई से हिलाया. इस सफर ने मुझे अपने अंदर झाँकने और हर पल में सच्चाई खोजने पर मजबूर किया.

एलिमनी की खबरों पर भड़कीं माही विज

टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री माही विज और अभिनेता जय भानुशाली पिछले कुछ दिनों से अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं. सोशल मीडिया पर अफवाहें फैल रही थीं कि दोनों के बीच अनबन चल रही है और जल्द ही दोनों तलाक ले सकते हैं. इतना ही नहीं, कुछ रिपोर्ट्स में यह तक दावा किया गया कि माही विज 5 करोड़ रुपये की एलिमनी (भरण-पोषण राशि) की मांग कर रही हैं.लेकिन अब माही विज ने इन सभी खबरों पर चुप्पी तोड़ दी है और बेहद सख्त लहजे में जवाब दिया है.माही विज ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा —

जब सबूत हो, तब बात करना. बिना आधार की बातें फैलाना बंद करो. मैं और जय अपने रिश्ते में खुश हैं और किसी को यह अधिकार नहीं कि हमारे निजी जीवन पर उंगली उठाए.

उन्होंने आगे कहा कि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही फेक खबरें न केवल उनके परिवार को परेशान कर रही हैं, बल्कि उनकी छोटी बेटी तारा पर भी इसका असर पड़ रहा है.माही ने अपनी पोस्ट में लिखा, हर बार जब कोई अफवाह फैलती है, लोग बिना सच्चाई जाने उसे सच मान लेते हैं. किसी के परिवार के बारे में इस तरह की बातें करना बेहद गैर-जिम्मेदाराना है. कृपया हमें थोड़ा सम्मान दीजिए.

उनकी यह पोस्ट देखते ही फैंस और सेलेब्स ने उनका समर्थन किया. कई लोगों ने कमेंट करते हुए लिखा कि माही और जय की जोड़ी टीवी की सबसे प्यारी जोड़ियों में से एक है और दोनों हमेशा साथ रहें, यही उनकी दुआ है.

अनुपम ने अपनी 549वीं फिल्म की शूटिंग की शुरू

बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी आने वाली 549वीं फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है.

अनुपम खेर फिल्मकार सूरज बड़जात्या के साथ काम कर रहे हैं.अनुपम खेर ने फिल्म की शुरुआत करते हुए अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में उन्होंने सूरज बड़जात्या को अयोध्या से लाया हुआ शॉल भेंट किया है.

अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मेरी 549वीं फिल्म की अनाउंसमेंट.मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी 549वीं फिल्म सिर्फ और सिर्फ सूरज बड़जात्या के साथ शुरू हुई, उन्हें अयोध्या से मिला शुभ शॉल भेंट किया. सूरज मेरी पहली फिल्म 'सारांश' में महेश भट्ट साहब के पांचवें असिस्टेंट थे. उनके साथ यह एक लंबा, सुखद, अद्भुत और रचनात्मक रूप से आनंददायक सफर रहा है. दरअसल, मैं इतने सालों से राजश्री फिल्म और उनके परिवार का अभिन्न अंग रहा हूं.

माधुरी और विद्या ने मचाया धमाल

ब्लॉकबस्टर फिल्म भूल भुलैया 3 के गाना 'आमी जे तोमार 3.0' में डासिंग क्वीन माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की जोड़ी ने धमाल मचा दिया था. कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का गाना 'आमी जे तोमार 3.0' माधुरी दीक्षित और विद्या बालन पर फिल्माया गया था. यह फिल्म एक नवंबर 2024 को रिलीज हुयी थी. 'आमी जे तोमार 3.0' गाना के जरिये माधुरी दीक्षित और विद्या बालन ने जबरदस्त नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया था.

शक्ति, सौंदर्य और विरासत का नृत्य जब 'आमी जे तोमार 3.0' का जादुई दृश्य पर्दे पर उभरा, दर्शकों ने महसूस किया कि वे कुछ असाधारण देखने जा रहे हैं. शास्त्रीय नृत्य, सिनेमाई भव्यता और भावनात्मक गहराई का यह सम्मिश्रण फिल्म की आत्मा बन गई.

विद्या बालन ने अपने प्रतिष्ठित किरदार मंजुलिका के रूप में वही तीव्रता और रहस्य लौटाया, जिसने 2007 में उन्हें अमर बना दिया था. हालांकि इस फिल्म में उनके सामने थीं शालीनता, सौंदर्य और नियंत्रण की प्रतिमूर्ति माधुरी दीक्षित, जिनके हर भाव और हर कदम में उनकी वर्षों की साधना झलकती है. उनका यह प्रदर्शन सिर्फ नृत्य नहीं था, बल्कि कला और आत्मा के बीच, शक्ति और सौंदर्य के बीच एक गहन संवाद था. ऐसे में कैमरे ने जब दो अद्भुत कलाकारों के संगम और नजाकत से भरे नृत्य संगम को कैद किया तो हर फ्रेम दर्शकों की तालियों से गूंज उठा.

'पेड्डी' के मेकर्स ने जान्हवी कपूर का दमदार लुक किया रिलीज़!

बॉलीवुड स्टार जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्म 'पेड्डी' से उनका दमदार लुक रिलीज़ हो गया है.

ग्लोबल सुपरस्टार राम चरण और जान्हवी कपूर की लीड रोल वाली फिल्म पेड्डी पर इसके ऐलान के बाद से ही सबकी नज़रें टिकी हुई हैं. यह एक्शन से भरपूर स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म राम चरण को एक बिल्कुल नए अंदाज़ में दिखाने का वादा करती है.

बढ़ते उत्साह को और बढ़ाते हुए, मेकर्स ने अब जान्हवी कपूर का शानदार कैरेक्टर पोस्टर रिलीज़ किया है. अपनी दिलकश मौजूदगी और दमदार लुक के साथ जान्हवी ने फैन्स को खूब प्रभावित किया है, जिससे साफ है कि यह फिल्म साल की सबसे थ्रिलिंग फिल्मों में से एक साबित होने वाली है.

हाल ही में, राम चरण और जान्हवी कपूर श्रीलंका पहुंचे जहां उन्होंने पेड्डी के लिए एक गाने की शूटिंग की. इस गाने की कोरियोग्राफी मशहूर जानी मास्टर ने की है और माना जा रहा है कि यह ट्रैक रिलीज़ होते ही चार्टबस्टर साबित होगा. रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की लगभग 60 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है और मेकर्स ने फिल्म के पहले हाफ की एडिटिंग भी फाइनल कर ली है, जबकि बाकी का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है. बुची बाबू सना द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म पेड्डी में राम चरण मुख्य किरदार निभा रहे हैं. उनके साथ फिल्म में शिवा राजकुमार, जान्हवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. यह फिल्म वेंकटा सतीश किलारू के बैनर वृद्धि सिनेमा के तहत और प्रमुख प्रोडक्शन हाउस मैथरी मूवी मेकर्स के सहयोग से बनाई जा रही है.

60 वर्ष की हुईं पद्मिनी कोल्हापुरी

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी आज 60 वर्ष की हो गयी.

पद्मिनी कोल्हापुरी का जन्म 01 नवंबर, 1965 को एक मध्यम वर्गीय कोंकणी परिवार में हुआ. उनके पिता पंढरीनाथ कोल्हापुरे शास्त्रीय गायक थे, जबकि उनकी मां एयरलाइंस में काम किया करती थीं. घर में संगीत का माहौल रहने के कारण पद्मिनी कोल्हापुरी का रुझान भी संगीत की तरफ हो गया और वह अपने पिता से संगीत सीखने लगीं. वर्ष 1973 में प्रदर्शित फिल्म 'यादों की बारात' में उन्हें गाने का अवसर मिला. इस फिल्म में उनकी आवाज में रचा बसा यह गीत 'यादो की बारात निकली है आज दिल के द्वारे' श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुआ. इसके बाद उन्होंने किताब, दुश्मन, दोस्त जैसी फिल्मों में भी अपनी बहन शिवांगी के साथ पार्श्वगायन किया.

पद्मिनी ने बतौर बाल कलाकार अपने करियर की

शुरुआत निर्माता बी.एस.थापा की फिल्म 'एक खिलाड़ी बावन पत्ते' से की. वर्ष 1974 में उन्हें अपनी दूर की रिश्तेदार आशा भोंसले के प्रयास से देवानंद की फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में बतौर बाल कलाकार काम करने का मौका मिला.

यंग इंडिया

दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर भर्ती

अगर आप दिल्ली में टीचिंग लाइन में नौकरी की तलाश में हैं तो ये खबर आपके लिए ही है. दिल्ली यूनिवर्सिटी में विभिन्न विषयों में एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों पर भर्ती निकली है. ये पद सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार शैक्षणिक वेतन स्तर 13ए (एसोसिएट प्रोफेसर के लिए) और वेतन स्तर 14 (प्रोफेसर के लिए) पर भरे जाएंगे.

विभाग और रिक्तियां- इस भर्ती अभियान के जरिए कुल एसोसिएट प्रोफेसरों के लिए 35 और प्रोफेसरों के लिए 21 रिक्तियों को भरा जाएगा. इसमें-

प्रबंधन अध्ययन विभाग

एसोसिएट प्रोफेसर- 23 पद (अनारक्षित-9, अनुसूचित जाति-4, अनुसूचित जनजाति-2, अन्य पिछड़ा वर्ग-5, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-2, दिव्यांगजन-1)

प्रोफेसर-12 पद (अनारक्षित-4, अनुसूचित जाति-3, अनुसूचित जनजाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-2, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-1, दिव्यांगजन-1)

भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग

एसोसिएट प्रोफेसर- 8 पद (अनारक्षित-3, अन्य पिछड़ा वर्ग-1, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-3, दिव्यांगजन-1)

प्रोफेसर- 7 पद (अनारक्षित-2, अनुसूचित जाति-1, अनुसूचित जनजाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-2, दिव्यांगजन-1)

सामाजिक कार्य विभाग

एसोसिएट प्रोफेसर- 4 पद (अनारक्षित-1, अनुसूचित जनजाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-1, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-1)

प्रोफेसर- 2 पद (एससी-1, ओबीसी-1)

कैसे करें आवेदन- सबसे पहले उम्मीदवारों को आधिरकारिक वेबसाइट पर जाना होगा.

सफलता के लिए 9 शानदार टाइम मैनेजमेंट टिप्स

परीक्षा की तैयारी हो या रोजाना का होमवर्क हर स्टूडेंट के लिए समय सबसे कीमती चीज है. जो छात्र समय का सही इस्तेमाल करना सीख जाते हैं, वे न केवल पढ़ाई में आगे निकलते हैं बल्कि स्ट्रेस भी कम महसूस करते हैं.

टू-डू लिस्ट बनाएं

सबसे पहले, आपको जो भी काम करने हैं—चाहे वह होमवर्क हो, ट्यूशन जाना हो, या कोई प्रोजेक्ट—उनकी एक लिस्ट बनाएं. रोजाना सोने से पहले अगले दिन की लिस्ट तैयार करने की आदत डालें.

कामों को प्राथमिकता दें-

अपनी लिस्ट के कामों को उनके महत्व के हिसाब से करें. सबसे मुश्किल या सबसे जरूरी काम को सबसे पहले निपटाएं. जब आप अपनी सबसे बड़ी चुनौती को सुबह ही पार कर लेते हैं तो बाकी दिन आसान हो जाता है.

बड़े लक्ष्य को छोटे हिस्सों में बांटें

अगर कोई प्रोजेक्ट या विषय बहुत बड़ा है, तो उसे एक साथ पूरा करने की कोशिश न करें. उसे छोटे, पूरे किए जा सकने वाले हिस्सों में बांट लें. इससे काम का बोझ कम महसूस होगा.

हर काम की समय-सीमा तय करें

हर छोटे काम को पूरा करने के लिए एक निश्चित समय तय करें. समय सीमा होने पर आपका फोकस बेहतर होता है.

पोमोडोरो टेक्निक अपनाएं

लगातार लंबी पढ़ाई करने के बजाय छोटे-छोटे ब्रेक लें. जैसे—25 मिनट पढ़ाई करें, फिर 5 मिनट का छोटा ब्रेक लें. यह टेक्निक आपके दिमाग को तरोताजा रखती है.

डिस्ट्रेक्शन (ध्यान हटाने) से बचें

पढ़ाई करते समय अपने मोबाइल फोन को दूर रखें या उसकी नोटिफिकेशन्स बंद कर दें. सोशल मीडिया या फोन की वजह से बर्बाद होने वाला समय सबसे बड़ा दुश्मन है.

एक बार में एक काम

एक ही समय में कई काम करने की कोशिश न करें. जब आप एक बार में एक ही चीज पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो काम की क्वालिटी बेहतर होती है.

पढ़ाई की जगह फिक्स करें

घर में एक शांत और आरामदायक जगह को अपनी पढ़ाई के लिए तय करें.

बीएसएफ में निकली कांस्टेबल जीडी भर्ती

अगर आप फोर्स में नौकरी करने की इच्छुक हैं तो ये खबर आपके बेहद काम आ सकती है. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स में कांस्टेबल जीडी पदों पर भर्ती निकली है. इसके लिए आवेदन प्रक्रिया आधिकारिक वेबसाइट पर चल रही है. इच्छुक व योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने आवेदन पत्र को भर सकते हैं. इसके लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 4 नवंबर 2025 है, इच्छुक इस तिथि तक या इससे पहले ही आवेदन कर दें.

क्या है आवेदन करने की एलिजिबिलिटी?

उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष उत्तीर्ण होना चाहिए.

आयु- उम्मीदवारों की आयु 18 से 23 वर्ष के बीच होनी चाहिए. बीएसएफ ने बताया कि मौजूदा भर्ती नियमों के अनुसार आयु में छूट दी गई है.

उम्मीदवारों के पास बीएसएफ द्वारा आधिकारिक विज्ञापन में उल्लिखित निर्धारित खेल योग्यताएं भी होनी चाहिए. संबंधित विषय में ज्यादा जानकारी के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं.

कैसे करें आवेदन - सबसे पहले उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा. इसके बाद उम्मीदवारों को होमपेज पर संबंधित लिंक पर क्लिक करना होगा. इसके बाद उम्मीदवारों को अपने आपको रजिस्टर करना होगा. इसके बाद उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र भरें. आवेदन पत्र भरने के बाद उम्मीदवार फॉर्म को सबमिट कर दें.

रेलवे में अप्रेंटिस के 1100 से अधिक पदों पर भर्ती

रेलवे में नौकरी की तलाश कर रहे उम्मीदवारों के लिए एक बढ़िया खबर है. उत्तर पूर्व रेलवे ने अप्रेंटिस पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार ह्श्वक्रकी आधिकारिक वेबसाइट ner.indianrailways.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इसके लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 15 नवंबर 2025 है, उम्मीदवार इस तिथि तक या इससे पहले ही आवेदन कर दें. अब सवाल आता है कि इसके लिए आवदेन करने की एलिजिबिलिटी का, तो आइए इस खबर के जरिए इस प्रश्न के उत्तर से अवगत होते हैं.

कितनी है वैकेंसी?

इस भर्ती अभियान के तहत संगठन में 1104 पदों पर भर्ती की जाएगी.

पात्रता मानदंड- उम्मीदवार को अधिसूचना जारी होने की तिथि अर्थात 16.10.2025 तक न्यूनतम 50त्न अंकों के साथ हाई स्कूल/दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए और अधिसूचित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण होना चाहिए.

इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 16 अक्टूबर, 2025 तक 15 वर्ष से कम और 24 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

संबंधित विषय में अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं.

कैसे करें आवेदन- नीचे बताए गए स्टेप्स के माध्यम से उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र को भर सकते हैं.

सबसे पहले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं. इसके बाद उम्मीदवार होमपेज पर जाकर संबंधित लिंक पर क्लिक करें. इसके बाद उम्मीदवार अपने आपको पहले रजिस्टर करें. रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पूरा होने के बाद उम्मीदवार आवेदन पत्र भरें. आवेदन पत्र भरने के बाद उम्मीदवार उसे सबमिट करें. फॉर्म को सबमिट करने के बाद पुष्टिकरण पेज डाउनलोड करें.

आखिरी में उम्मीदवार एक प्रिंटआउट ले लें.